शक्तिसिंहजी गोहिल का कार्यालय,

बिहार प्रभारी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी

http://www.shaktisinhgohil.com

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u> <u>24 अप्रेल, 2020</u>

बिहार के छात्र कोटा में परेशान है। वो छात्र सरकार से प्रार्थना कर रहे है कि हमें यहां से अपने घर वापस बुलाओ लेकिन सरकार कहती है कि जो कानून है उसके तहत हम आपको वापस नहीं बुला सकते। छात्र कह रहे है हमें डर लग रहा है। बिहार सरकार कह रही कि कुछ भी हो जाए लेकिन हम आपको यहां नहीं बुला सकते।

मै यही कहता हूं कि कानून अगर सबके लिए एक है तो बीजेपी के विधायक बिहार सरकार की गाड़ी लेकर अपनी संतानों को वापस ला सकते है तो क्या वो बीजेपी के विधायक है वो अगर अपनी संतान को लेकर आएगे तो उससे कोरोना नही फैलेगा क्या?

हम नहीं चाहते कि कोरोना फैले। इन बच्चो को कोटा से लाकर होटल,पार्टी रिसोर्ट में ठहरा कर क्वारंटाइन करके उनका पूरा मेडिकल चेकअप करके, जब सरकार को लगे उनके घर वापस जाने से कोरोना नहीं फैलेगा तब उनके घर जाने की व्यवसथा करे। बच्चो पर अपने परिवार से दूर रहने से साइकोलॉजिकल प्रेशर बनता है। पूरी दुनिया में देखिए जापान के केवल 8 लोग थे गुजरात (सूरत) उन्होंने अपना चार्टेड प्लेन भेजा और उनको लेकर गए, अमेरिका वाले और कई अन्य देशों वाले भी अपने नागरिकों को वापस ले जा रहे है लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को सिर्फ अपने बीजेपी के विधायक के बच्चो कि चिंता है।

यह बच्चे आम आदमी के बच्चे है हमारे बच्चे है उनकी भी चिंता उनको करनी चाहिए और अपनी जिद छोड़नी चाहिए। राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी ने खुद प्रधानमंत्री जी को लिखा है अगर आपको चिंता है तो हम बसे भेज देते है मानवीयाता देखते हुए इनकी मदद कीजिए कल श्रीमती सोनिया गांधी जी की अध्यक्षता में हमारी CWC कि मीटिंग में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई सभी नें इस

गंभीर मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त की श्रीमती प्रियंका गांधी जी, श्री राहुल गांधी जी ने भी इस पर अपनी चिंता व्यक्त की है में तो यह भी कहता हूं कि हमारे श्रमिक भाई जो बिहार के बाहार है दर दर की ठोकरें खा रहे है उनको भी बिहार वापस लेकर आना चाहिए।

नीतीश कुमार जी कहते है कि जो विधायक अपने बच्चो को वापस लेकर आए है उन्की जाँच कि जा रही है। जो बच्चे फसे हुए है वो लगातार हमारे साथ बने हुए है वो बहुत परेशान है। जब कई राज्यों की सरकार अपने बच्चो को वापस बुला सकती है तो बिहार सरकार क्यों वापस नहीं बुला सकती ? कांग्रेस पार्टी ने पहले भी यह मुद्दा उठाया है नेशनल लेवल पर हमारी पार्टी भी इसपर कार्य कर रही है। हम उन बच्चो के लिए बहुत बहुत चिंतित है ? नीतीश जी कहते है की BJP विधायक के किस्से की जाँच कर रहे है। सवाल यह हैं की क्या कार्यवही कर रहे है ? सिर्फ ड्राइवर या छोटे लोगो को नोटिस दे रहे है। हम एक मांग कर रहे है कि बीजेपी उस विधायक को निष्कासित करे जो कानून तोड कर अपने बच्चो को लेकर आया। सुशील मोदी को कहना चाहिए की हम उसको निष्कासित करते है, भाजपा पार्टी में ऐसा विधायक नहीं रहेगा जो कानून तोड़ रहा है। उसके खिलाफ कुछ नहीं सिर्फ बिचारे छोटे ड्राइवर और छोटे अधिकारी पर नीतीश / भाजपा सरकार कारवाही कर रही है।

बिहार कांग्रेस राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी का धन्यावद करती है की आज उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ वीडियो कान्फरन्स में मांग की है की बिहार के लोगों को बिहार वापसी के लिए व्यवस्था करने की मंजूरी दे। बिहार सरकार को कोई दिकत होगी तो राजस्थान सरकार मदद करेगी।

प्रति,
संपादक,

आपसे इस प्रेसनोट को आपके प्रतिष्ठित अखबार में जगह देने विनम्र गुजारिश हैं।

Sunil Rami

(सुनिल रामी)
निजी सहायक